प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.10.2025 समय : 10:50 ए.एम.

00000

- लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर कृतज्ञ राष्ट्र का नमन–राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न आयोजन।
- राज्य में ऐतिहासिक इमारतों के पुनर्निर्माण के लिए विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया जायेगा–महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 100 करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी।
- प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में शहरी सेवा शिविरों के फॉलोअप कैम्प 3 से 7 नवम्बर तक लगाये जायेंगे।
- राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों में आज भी गरज के साथ हल्की बरसात की संभावना–बारिश की गतिविधियां अगले चार–पांच दिनों तक जारी रहने के आसार।

00000

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की डेढ सौवीं जयंती के मौके पर आज कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है। देश को एकीकृत करने मे सरदार पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे। उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर यूनिटी मार्च, रन फोर यूनिटी, एकता शपथ, बैंड वादन सहित विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली के पटेल चौक पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से एकजुट होकर मजबूत, सौहार्दपूर्ण समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के केवडिया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। एकता दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश से हर तरह के आतंकवाद को समूल नष्ट किया जायेगा।

....

गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में सरदार पटेल को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने रियासतों का एकीकरण कर देश की सुरक्षा को मजबूत किया।

....

प्रदेश में सरदार पटेल की डेढ सौवीं जयंती के मौके पर अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। राजधानी जयपुर में रन फोर यूनिटी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधने का महत्वपूर्ण काम किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

....

भरतपुर, करौली, भीलवाडा, बांसवाडा, सवाईमाधोपुर, पाली, सिरोही, जालौर, हनुमानगढ़ और जैसलमेर सहित सभी स्थानों पर पटेल जयंती पर कार्यक्रमों की श्रंखला रखी गई है। इनमें विद्यार्थी, पुलिसकर्मी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्काउट गाईड, एनसीसी कैडेट्स सहित बडी संख्या में आम नागरिक भाग ले रहे है।

0000

राज्य में ऐतिहासिक इमारतों के निर्माण के लिए विशेष प्रकोष्ठ बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट पूछरी का लोठा और तनोट माता मंदिर के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 100 करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया है। इस सर्किट में चावंड हल्दीघाटी गोगुंदा, कुम्भलगढ, दिवेर और उदयपुर को शामिल किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री ने कल जयपुर के सांगानेर क्षेत्र के सर्किल निर्माण और सौंदर्यकरण कामों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर में सुगम यातायात प्रबंधन की दिशा में सांगानेर में विशेष कार्य योजना बनाकर सुविधाएं विकसित की जाये। इस क्षेत्र को आधुनिम मॉडल के रूप में बनाया जाये।

0000

प्रदेशभर में बीती रात से निजी बसों का संचालन बंद रहा। ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट बस ओनर एसोसिएशन के आह्वान पर बस संचालकों ने अनिश्चित काल के लिए चक्काजाम करने की घोषणा की। इसके असर से प्रदेश में करीब 8000 स्लीपर बसों का चक्काजाम हो गया है। इससे लाखों यात्रियों पर असर पड रहा है। एसोसिएशन के सचिव राजेंद्र परिहार ने बताया कि इस बारे में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है।

0000

प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में शहरी सेवा शिविरों के फॉलोअप कैम्प आयोजित किये जायेंगे। ये शिविर 3 से 7 नवम्बर तक लगेंगे। नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग ने कल इस बारे में आदेश जारी किये। इन शिविरों के जरिये उन लोगों को राहत दी जायेगी, जिनके आवेदन पहले चरण में निस्तारित नहीं हो पाये थे।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्य कांत को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। जस्टिस सूर्यकांत 24 नवम्बर को पद की शपथ लेंगे। गौरतलब है कि वर्तमान सीजेआई जस्टिस बी आर गवई का कार्यकाल 23 नवम्बर को समाप्त हो रहा है।

00000

राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों में गरज के साथ आज भी हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर और कोटा संभाग तथा आस–पास के जिलों में अगले चार–पांच दिनों तक बारिश की गतिविधियां जारी रहने के आसार है। इस दौरान सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। अगले सप्ताह से न्यूनतम तापमान में और कमी आ सकती है। तापमान में 2 से 5 डिग्री तक की गिरावट की संभावना है। इस बीच प्रदेश में अक्टूबर महीने में सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। कल भीलवाडा, अजमेर, उदयपुर और राजधानी जयपुर सहित कुछ स्थानों पर रिमझिम बारिश का दौर चला। सिरोही के माउंटआबू में भी पिछले तीन दिनों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला बना हुआ है। इससे नक्की झील भी ऑवरफ्लो हो गई है और इस पर चादर चल रही है। बारिश और बादलो के साथ ही कई स्थानों पर कोहरा छाये रहने से दृश्यता काफी कम हो गई है। साथ ही तापमान में गिरावट से वातावरण में ठंडक बनी हुई है। उधर बीसलपुर और इसरदा बांध से छोडे गये पानी के बाद बनास नदी में पानी की आवक बढ गयी। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि चौथ का बरवाडा में बनास नदी की रपट पर यात्रियों से भरी बस फस गई। हालांकि सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया।

....

00000

सीकर का प्रसिद्ध खाटूश्याम जन्मोत्सव कल मनाया जायेगा। इसके लिए देशभर से भक्तों का पंहुचना शुरू हो गया है। उत्सव के लिए श्यामनगरी को आकर्षक रूप से सजाया गया है। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी कई इंतजाम किए गए है। हमारे सीकर संवाददाता ने बताया कि भीड नियंत्रित करने के लिए रींगस खाटू मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है।

.....

00000

केंद्र सरकार सभी स्कूलों में तीसरी कक्षा से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई कोर्स शुरू करेगी। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यह पहल एआई के नैतिक उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल सोच सीखने और सिखाने की अवधारणा को मजबूत करेगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल सोच पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर कार्तिक रमन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है।

00000

महिला विश्वकप क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत फाइनल में पंहुच गया है। भारत ने 7 बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

00000